पत्रिका

# सिटी हाफ मैराथन कल

पत्रिका plus रिपोर्टर



**उदयपुर.** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से आयोजित दूसरी वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का आयोजन रविवार को होगा। मैराथन का शुभारंभ सुबह पांच बजे फील्ड क्लब से होगा।

हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने बताया कि यह दौड़ नंद घर की पहल 'रन फॉर जीरो हंगर' को समर्पित है, जिसका उद्देश्य कुपोषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। मैराथन को एआइएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस) से प्रमाणन प्राप्त है। 2024 में पहले संस्करण में दुनिया भर से 5 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया था।

## कहां से कहां तक होगी

**मैराथन** फील्ड क्लब से शुरू होकर फतेहसागर झील और अरावली की वादियों से होते हुए तय दूरी तक करेगी। प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के बीच यह दौड़ प्रतिभागियों को अनूठा अनुभव प्रदान करेगी।

## कौन-कौन सी श्रेणियां होंगी

**हाफ मैराथन** - 21 किमी

**कूल रन** - 10 किमी

**ड्रीम रन** - 5 किमी

**रेस विद चैंपियंस** - दिव्यांग धावकों के लिए विशेष श्रेणी